हरदीडाली में बिना पंजीकरण चल रहा क्लीनिक बंद,स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

सोनौली (महराजगंज)। (आज) सीमावर्ती गांव हरदीडाली चौराहे पर बिना पंजीकरण संचालित हो रहे एक क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं टीबी रोग के नोडल अधिकारी डॉ. बिरेन्द्र आर्या के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जांच के दौरान संस्थान का पंजीकरण नहीं पाया। जानकारी के अनुसार, हरदीडाली चौराहे की निवासी झिनकी देवी ने तहसील दिवस और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उक्त अस्पताल में उनके बच्चे का इलाज करने के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही



◆बच्चे के इलाज में लापरवाही से हाथ में फैक्चर होने की शिकायत पर पहुंची टीम, जांच में नहीं मिला पंजीकरण

के चलते उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। मंगलवार दोपहर डॉ. बिरेन्द्र आर्या के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान शिकायत कर्ता के पास अस्पताल से संबंधित कोई पर्चा नहीं मिला। वहीं, मौके पर ओपीडी संचालित होती हुई भी नहीं पाई गई। डॉ. बिरेन्द्र आर्या ने बताया कि जांच में हरदीडाली स्थित जैस्मिन क्लीनिक एंड फिजियोथेरेपी सेंटर का पंजीकरण नहीं मिला। पंजीकरण के अभाव में संस्थान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों पर उठे सवाल स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की वैधता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि, बच्चे के इलाज में लापरवाही संबंधी शिकायत पर जांच के दौरान कोई चिकित्सकीय निष्कर्ष सामने आने की जानकारी नहीं दी गई है। ऐसे में शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि और संबंधित मामले की आगे की जांच महत्वपूर्ण होगी।

सतर्कता क्विज में केआईपीएम कॉलेज के छात्रों को द्वितीय पुरस्कार

सहजनवां (गोरखपुर)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत उत्तर पूर्व रेलवे, गोरखपुर द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में केआईपीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गीडा की टीम ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र विवेक सिंह, खुशबू गुप्ता, राहुल गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रबंधक इंजीनियर आर.डी. सिंह, प्रबंधक श्रीमती सुनीता सिंह, प्रबंध निदेशक विनोद सिंह, निदेशक कार्मिक डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, निदेशक इं. डॉ.



जाहिद खान, प्रशासनिक अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, डीन डॉ. राकेश पांडेय, डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में ईमानदारी, नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं और उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

कमलेश पांडेय के अंतिम संस्कार में उमड़े लोग

बड़हलगंज (गोरखपुर)। सऊदी अरब के दम्माम स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 21 अक्टूबर की शाम हुए मिसाइल हमले में जान गंवाने वाले बांसगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशुनपुर उर्फ बगही निवासी कमलेश पांडेय का मंगलवार की शाम बड़हलगंज स्थित मुक्तिपथ पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। शोकाकुल माहौल में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके छोटे भाई नितेश पांडेय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में प्रदेश



सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर,

◆कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही और दयाशंकर सिंह ने दी श्रद्धांजलि

अपर जिलाधिकारी वैभव वर्मा, एसडीएम मनीष कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कमलेश पांडेय की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है।

जर्जर बीज गोदाम किसानों के लिए बना खतरे का सबब

धानीबाजार (महराजगंज)। धानी के ग्राम सभा कानापार में स्थित राजकीय बीज गोदाम की जर्जर हालत किसानों के लिए खतरे का सबब बनी हुई है। भवन की छत और दीवारों की स्थिति देखकर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ कर गिर रहा है। ईंटें तक दिखाई देने लगी हैं। गोदाम में आने-जाने वाले किसानों के साथ कभी भी हादसा हो सकती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूद कर तमाशा देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजकीय बीज गोदाम किसानों के लिए महत्वपूर्ण जगह है जहां बीज लेने और कृषि



संबंधी कार्यों के लिए किसान पहुंचते हैं। ऐसे में भवन की खराब स्थिति को नजरअंदाज करना किसी बड़े हादसे को न्योता देना है। छत का कोई हिस्सा अचानक गिरता है, तो वहां मौजूद किसान हो या कर्मचारियों गंभीर चोट लग सकती है।कोई भी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणो शैलेन्द्र सिंह घूरमन घमालू यादव करेसर शोभी रामवृक्ष जगदीश झीना श्याम कुमार सुग्रीव धनई मो. इस्लाम अयोध्या रामवृक्ष गोवर्धन सहित तमाम किसान भवन की स्थिति को देखते हुए इसकी तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए। यदि भवन मरम्मत योग्य नहीं है, तो पुराने भवन के स्थान पर नया बीज गोदाम बनवाने की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि

◆हादसे का इंतजार कर रहा विभाग

किसानों को सुरक्षित स्थान पर बीज मिल सके। इस सम्बन्ध मे अपर जिला कृषि अधिकारी सुमित निषाद ने बताया कि प्रपोजल बनकर कृषि निदेशालय लखनऊ भेजा गया है बजट स्वीकृत होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारम्भ

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ में त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र पाल सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

उद्घाटन समारोह में महोत्सव के कार्यक्रम प्रभारी डा.राम सहाय ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महोत्सव के उद्देश्यों, प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक महोत्सव केवल विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का अवसर नहीं, अपितु आत्मचिंतन, प्रतिभा-प्रदर्शन एवं आत्म मूल्यांकन का महत्त्व पूर्ण माध्यम है। शिक्षा तथा इस प्रकार के उत्सव विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं। सुदृढ़ चरित्र ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता,असफलता से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण सद्भावना पूर्ण सहभागिता है। विद्यार्थियों को चुनौतियों को स्वीकार करते हुए निरंतर आत्म सुधार करना चाहिए। अपनी रुचि के क्षेत्रों में



◆आत्मचिंतन, चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का महत्त्वपूर्ण अवसर है वार्षिक महोत्सव-महेंद्र पाल सिंह

◆वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिन वॉलीबॉल,कबड्डी,योगासन एवं कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रतिभा के विकास के लिए सतत प्रयत्न शील रहना चाहिए। विधायक ने युवाओं के लिए समाज एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध को अनिवार्य बताते हुए उन्हें अनावश्यक गतिविधियों से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने डिजिटल दुनिया के आभासी आकर्षण से निकल कर वास्तविक जीवन में अपनी प्रतिभा के परिष्कार एवं प्रदर्शन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करने के साथ -साथ उनके आत्म विश्वास,अनुशासन, व्यक्तित्व विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनीष त्रिपाठी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता दोनों ही बेहतर प्रदर्शन की दिशा में प्रेरक का कार्य करती हैं। विद्यार्थियों को प्रत्येक अनुभव से सीख लेते हुए अपनी क्षमताओं का निरंतर विकास करना चाहिए। समारोह के उपरांत वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिन खेलकूद, बौद्धिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी शारीरिक दक्षता, बौद्धिक क्षमता एवं व्यक्तिगत प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया गया। सर्वप्रथम वॉली बॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र पाल सिंह जी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय में आयोजित बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल पाँच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला छत्रपति शिवाजी टीम एवं बाबा गंभीरनाथ टीम के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में छत्रपति शिवाजी टीम ने 21-11 एवं 21-13 के अंतर से विजय प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि बाबा गंभीरनाथ टीम उपविजेता रही।

इसीक्रम में कबड्डी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह एवं खेल-कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मी बाई टीम विजेता तथा सरोजिनी नायडू टीम उपविजेता रही। महोत्सव के अंतर्गत योगासन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, संतुलन, एकाग्रता एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा गोपाल शर्मा, द्वितीय स्थान अश्वनी तथा तृतीय स्थान-ऋतिक सिंह ने प्राप्त किया। इसीक्रम में बालिका वर्ग में सुश्री सत्या गुप्ता को प्रथम स्थान, सुश्री अंजलि यादव को द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से सुश्री प्रिया एवम् सुश्री दिव्या दुबे को प्राप्त हुआ। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता एवं तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी विषयगत जानकारी एवं त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया। इसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपांशु जायसवाल, आदर्श सिंह, कार्तिक सिंह एवं राहुल मौर्य को द्वितीय स्थान ऋतुराज सिंह, विनीत कुमार, सूरज चौधरी,बबलू निषाद को एवम् तृतीय स्थान सुश्री आरती, सुश्री सपना भारद्वाज, सुश्री सपना सिंह, सुश्री दिव्या दुबे को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभाओं के विकास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के संवर्धन तथा सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।

सपना के ब्ल्यू हैवन सलोन का शुभारम्भ

बड़हलगंज (गोरखपुर)। योगी सरकार की विकास योजनाओं के पंख पर सवार नगर पंचायत बड़हलगंज, बड़े शहरों से बराबरी करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहे बड़हलगंज में जावेद हबीब सैलून के बाद सोमवार को मेकअप आर्टिस्ट सपना के नए अत्याधुनिक "ब्ल्यू हैवन सलोन" के शुभारम्भ ने महिला सौंदर्य को निखारने के एक विश्वसनीय सेंटर नगर को प्रदान किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. प्रीति महेश उमर और सपना की गुरुमाता के साथ सलून का उद्घाटन करते हुये चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने इसे बदलते चिल्लूपार की एक नई इबारत



◆विधायक राजेश त्रिपाठी के साथ चेयरमैन डा.प्रीति महेश उमर ने काटा फीता

विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए सपना यादव ने बताया कि सलून पर मेकअप के साथ ब्यूटिशियन के कोर्स भी संचालित होंगे। का नाम दिया। उन्होंने सलून की संचालिका सपना (दुर्गेश) यादव को शुभकामना देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर

पति की स्मृति में पत्नी ने बीआरसी गोला को भेंट किया वाटर कुलर

गोलाबाजार (गोरखपुर)। विकास खंड गोला के प्राथमिक विद्यालय चंदौली के दिवंगत सहायक अध्यापक शशिकांत पाण्डेय की पावन स्मृति में मंगलवार को उनकी पत्नी दीपांजलि पाण्डेय ने ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) गोला को वाटर कूलर भेंट किया। इससे केंद्र पर आने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। दीपांजलि पाण्डेय ने टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय ने कहा कि दिवंगत शिक्षक की स्मृति में की गई यह पहल जनसेवा और सामाजिक सरोकार का प्रेरक उदाहरण है। प्राथमिक शिक्षक संघ गोला के अध्यक्ष काशी



नाथ तिवारी ने कहा कि वाटर कूलर स्थापित कर दीपांजलि पाण्डेय ने अपने पति की स्मृतियों को जनहित से जोड़ते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। टिचर्स सेल्फ केयर टीम गोरखपुर के सह संयोजक रामनयन शुक्ल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर विशिष्ट बी टी सी वेलफेयर एसोसिएशन गोला के अध्यक्ष रणधीर सिंह,ए आर पी गोला स्वर्ण प्रकाश शुक्ल, अवनीश नंदन पाण्डेय, गोविंद पटेल, मुकेश रावत, वीर भद्र यादव, प्रदीप मिश्र, संतोष यादव, उपेंद्र नाथ तिवारी, राजन मल्ल, आमिर हसन, आशुतोष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

पीएचसी उरुवा पर ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

गोलाबाजार (गोरखपुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा के मीटिंग हॉल में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उरुवा डॉ. जे.पी. तिवारी की अध्यक्षता में दस्तक अभियान व नियमित टीकाकरण को लेकर ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उरुवा डॉक्टर जेपी तिवारी ने कहा कि दस्तक अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जाने वाला एक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान है। जिसका उद्देश्य बीमारी होने के बाद इलाज की



बजाय बीमारी होने से ही रोकना है। जबकि टीकाकरण का उद्देश्य भी बीमारी होने से रोकना ही है। उन्होंने दस्तक व टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने एच पी वी वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करके 14 साल से अधिक एवं 15 वर्ष से कम की किशोरियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव करता है। उन्होंने ए एन एम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में टीकाकरण से वंचित या छूटे बच्चों का

◆दस्तक अभियान व टीकाकरण को लेकर दिए गए निर्देश

टीकाकरण कराने के साथ-साथ दस्तक अभियान के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ सहयोग कर घर-घर भ्रमण करें। लोगों को मच्छर जनित एवं जल जनित बीमारियों, फाइलेरिया और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करें तथा लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में ए आर ओ अखिलेश पाठक, बी पी एम अवनीश श्रीवास्तव, बी सी पी एम नवनीत सिंह, सविता यादव, अंकिता, शारदा, प्रेमलता राय, बादामी देवी, रानी, शिखा, अनुराधा, रीना, निशा, शिफा, काजल, राधारानी, रविता, कुसुम पासवान, सतीमा, अंजली, शिखा गौड़, सुधा भारती, सुमित्रा सहित सभी ए एन एम एवं बीएचडब्ल्यू सत्यपाल सिंह उपस्थित रहे।

स्थानांतरण के बावजूद एक ही हल्के में तैनाती का आरोप,जांच की मांग

नौतनवां (महराजगंज)। नौतनवा क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक शेर बहादुर यादव पर स्थानांतरण आदेशों की अवहेलना, भ्रष्टाचार, जनशिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा है। इस संबंध में गणेशपुर टोला कोहड़वल निवासी अमित शुक्ला ने शिकायती पत्र देकर मामले की जांच,कार्रवाई की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि करीब दो वर्षों में उपनिरीक्षक का दो बार स्थानांतरण होने के बावजूद वह उसी हल्के में बने हुए हैं। साथ ही, शिकायतों के निस्तारण में कथित रूप से रिश्वत मांगने और मांग पूरी न होने पर कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत कर्ता ने आई जीआरएस कर निरीक्षक को कार्यमुक्त करने, विभागीय निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित उप कार्रवाई की मांग की है।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर सूदखोर के खिलाफ केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के लुचुई वार्ड-10 निवासी एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पुलिस ने सूदखोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड-10 निवासी रामजतन अग्रहरि पुत्र रामनरेश अग्रहरि ने 2022 में वार्ड के एक सूदखोर से 1 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। चार माह बाद 3 लाख रुपये 3 प्रतिशत ब्याज पर लिए और 3 लाख रुपये वापस कर दिए। शेष 1 लाख रुपये पर वह ब्याज देता रहा। पीड़ित का आरोप है कि वह अब तक सूदखोर को 6.26 लाख रुपये दे चुका है, इसके बावजूद सूदखोर द्वारा 3 लाख 200 रुपये की, मांग की जा रही है। मांग पूरी न करने पर मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद्र यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सीसीटीवी फुटेज वायरल होने पर नेपाली युवक ने लौटाया चोरी आईफोन

नौतनवां (महराजगंज) (आज)। कस्बे के शास्त्री नगर स्थित जय हिंद चौराहे के पास एक मोबाइल दुकान से आईफोन 12 प्रो गायब होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो एक नेपाली युवक काउंटर के अंदर रखा मोबाइल लेकर जाता दिखाई दिया। इसके बाद दुकानदार ने फुटेज सोशल मीडिया ग्रुपों में साझा कर दिया, जिसके जरिए युवक की पहचान हो गई। मंगलवार को कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद युवक ने मोबाइल दुकानदार को वापस कर दिया।

◆सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से हुई पहचान, पुलिस तक पहुंचने से पहले दुकानदार ने खोज निकाला सुराग

बिजली का तार ठीक करने गए युवक पर घर में घुसकर हमला,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के देईपार डुगडुइया निवासी रणधीर सिंह पुत्र स्व सीताराम सिंह दिन में अपराह्न 12.30 बजे के करीब बिजली का तार ठीक करने के लिये कमरे को खोला उसी दौरान विपक्षी हाशिया और गड़ासा और डंडा लेकर घर घुस आए और मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धनश्याम सिंह,उमा सिंह,तारा सिंह,निशांत उर्फ भोलू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

घर में घुसकर मनबढ़ों ने पीटा,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के शहरी निवासी संगीता पत्नी रामचंद्र चौहान 23 अक्टूबर को खाना खाने के बाद परिवार सहित सोने जा रही थी। पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ रात्रि में घर पर चढ़ आए और घर में घुसकर पीड़िता को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुरेश चौहान, राजमन,राजन के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

पदयात्रा में पुष्प वर्षा के बीच विजय भव: का आशीर्वाद एवं मिला युवाओं का साथ

बडहलगंज (गोरखपुर)। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में चार दिवसीय पदयात्रा महाअभियान के तीसरे दिन बड़ैला गांव से पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। इससे पहले विधानसभा के विभिन्न गांवों से एकत्रित मिट्टी जो पूर्व में पूजन करके रथ जो पदयात्रा में आगे-आगे चल रही रथ पर मिट्टी का पूजन करने के पश्चात् पदयात्रा को मायाशंकर शुक्ल अपने समर्थकों के साथ पीछे चलते हुए जनसंपर्क पर निकले। गांवों में पहुंचने पर बुजुर्गों और महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा 'विजयी भव' का आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप इसी तरह जनता के बीच रहकर संघर्ष करते रहिए, आपकी मेहनत जरूर रंग लाएगी। ग्रामीणों का यह स्नेह और आशीर्वाद पदयात्रा में उत्साह का केन्द्र बना रहा। मायाशंकर शुक्ल ने कहा कि जनता का विश्वास, युवाओं का साथ और बुजुर्गों का आशीर्वाद उन्हें



◆बुजुर्गों और महिलाओं ने मायाशंकर शुक्ल का किया स्वागत, बोले-आपका संघर्ष जरूर रंग लाएगा◆पदयात्रा में टूटा दलित बंधन, मिला हर वर्ग के लोगों का साथ

पदयात्रा का उद्देश्य चिल्लूपार की मिट्टी, संस्कृति और विरासत से जुड़ते हुए गांव-गांव पहुंचना, जनसमस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करना है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। पदयात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में जनसंवाद कर लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने का संकल्प दोहराया गया। उन्होंने ने बताया कि आज पदयात्रा का तीसरा दिन है जो बैड़ला से चलकर कौंवाडील, बरपरवां, सम्मेथान भीटी, बाघागांड़ा, फत्तेपुर, बड़गो, बरईपार, सखरुआ, बरवल, बरवल दिगर, मामखोर, खखाईचखोर, देदापार, सरया महूलिया, नेवादा, भाटपार, सांऊखोर, फरसाड़, बेदौली, बभनौली, चौतिंसा, सिधुवापार रात्रि विश्राम किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान बड़ी जन समस्या का ग्रामीण द्वारा किया गया शिकायत, पदयात्रा के दौरान जन समस्याओं की कड़ी में ग्राम सभा न मिलना बहुत बड़ी लापरवाही है, बड़गो में लगभग 100 घरों में पानी नहीं निवासी दूधनाथ ने बताया कि लगभग 100 घरों में पानी नहीं आने से हम गांववासियों के सामने बड़ी समस्या बनी हुई है। जन समस्या सुन तत्काल भाजपा नेता ने सम्बंधित विभाग के अधिशासी अभियंता को कड़ी चेतावनी के साथ कहां कि जल जीवन मिशन सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ पहुंचने कि बड़ी जन समस्या सामने आई। भाजपा नेता अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान मायाशंकर शुक्ल से बड़गो गांव से मेरे पास ऐसी का शिकायत आना कदापि उचित नहीं होगा। अधिशासी अभियंता शिकायत कर्ता का तत्काल मोबाइल नंबर नोट कर जल्द सभी के घरों पर पानी पहुंचने का आश्वासन दिया।

इस दौरान शिक्षक गिरीश शुक्ल, सत्येन्द्र द्विवेदी, मुरारी शुक्ल, मदन पाण्डेय, संजय शुक्ल, मोनू कुमार, अतुल शुक्ल, शिक्षक गिरीश शुक्ल, सत्येन्द्र द्विवेदी, मुरारी शुक्ल, मदन पाण्डेय, शिव शुक्ल, अनुराग तिवारी, संजय शुक्ल, मोनू कुमार, मुहम्मद कासिम, अतुल शुक्ल, असरफ, अंशु तिवारी, मुहम्मद शकुर अंसारी सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

16 लाख की लागत से दलित बस्ती में ढक्कनदार नाली युक्त सीसी सड़क का शुभारम्भ

बड़हलगंज (गोरखपुर)। नगर पंचायत बड़हलगंज के विस्तारित क्षेत्र जाईपार के श्याम नगर स्थित दलित बस्ती में सोमवार को सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। 16 लाख रुपये की लागत से बनने वाली ढक्कनदार नाली युक्त सीसी सड़क से बस्ती के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन और नगर पंचायत अध्यक्ष डा. प्रीति महेश उमर के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों की कड़ी में वार्ड संख्या पांच में इस



परियोजना की शुरुआत हुई। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं।उन्होंने प्रदेश सरकार की विकासपरक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सभासद राजीव मिश्र, राकेश राय, रवि निषाद, दीपक शर्मा, अमरनाथ उमर, संजय मौर्य, पुरुषोत्तम जायसवाल, अमलेश कुमार और अजय निगम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राइस मिलर ने 15.67 लाख रुपये के चावल का दाम हड़पा,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा सेक्टर-13 स्थित एक राइस मिलर पर चावल लेकर 15.67 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। सीओ गीडा के आदेश पर पुलिस ने राइस मिलर के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, फते नारायण सिंह पुत्र स्व. सरयू सिंह निवासी तकिया, जिला रोहतास (बिहार) चावल के व्यापारी हैं और उनकी फर्म ओम इंटरप्राइजेज के नाम से संचालित है। उन्होंने गीडा सेक्टर-13 स्थित राइस मिलर जनार्दन कुमार पुत्र विश्वनाथ गुप्ता को चावल देना शुरू किया। 2 मार्च और 6 मार्च को कुल 612.15 कुंतल चावल दिया गया, जिसका रेट 3070 रुपये प्रति कुंतल तय हुआ था। कुल कीमत 18.67 लाख रुपये हुई। आरोप है कि मिलर ने 3 लाख रुपये ऑनलाइन भेजने के बाद शेष रकम नहीं दी। मांगने पर टालमटोल करने लगा और फोन उठाना बंद कर दिया। जब पीड़ित मिल पर रुपये मांगने गया तो उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर सीओ गीडा के आदेश पर पुलिस ने जनार्दन कुमार के खिलाफ रुपये हड़पने, गाली-गलौज और धमकी का केस दर्ज कर लिया है।